न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

अपील / 37 / 2014

1–राजेन्द्र सिंह उम्र 70 वर्ष । पुत्रान दुर्ग सिंह जाति जाट निवासी हसनपुर
2–करनसिंह उम्र 52 वर्ष । तहसील नदबई

....अपीलान्ट

बनाम

1–हरभानसिंह ।
2–महेन्द्र । पुत्रान गिर्राजसिंह जाति जाट निवासी हसनपुर तहसील
3–गिरधारी । नदबई जिला भरतपुर
4–फतेहसिंह ।
5–निरोत्तम सिह।
6–कुवरपाल । पुत्रान खूवीराम "
7–अजीराम ।

.......रेस्पो0

अपील अन्तर्गत धारा 75 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट विरुद्व आदेश तहसीलदार नदबई दिनांक 18.1.1983 बाबत नामान्तकरण संख्या 110 बाके ग्रांम हसनपुर तहसील नदबई ।

———

आदेश दिनांक 5.02.2018

अपीलान्ट ने यह अपील विरुद्व रेस्पो. व खिलाफ आदेश तहसीलदार नदबई नामान्तकरण संख्या 110 ग्रांम हसनपुर तहसील नदबई दिनांक 18.1.1983 के पेश की गई है। अपीलाधीन आदेश में नामान्तकरण संख्या 110 निरस्त किये जाने की आज्ञा दी गई है। तहसीलदार नदबई की उक्त आज्ञा से व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. की तलबी की गई। अपीलान्ट या उसके अभिभाषक उपस्थित नहीं। अभिभाषक रेस्पो. उपस्थित हैं। योग्य अभिभाषक रेस्पो का कहना है कि अपीलान्ट या उसके अभिभाषक उपस्थित नहीं है तो अपील को मैरिट पर ना जाकर अदम हाजरी अदम पैरवी अपीलान्ट के स्तर पर खारिज की जावे। अतः अपीलान्ट एवं उसके अभिभाषक के उपस्थित नहीं आने के कारण अपील अदम हाजरी अदम पैरवी
खारिज की जाती है। सुनाया गया।

जिला कलक्टर,